## खबर संक्षेप

### विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया 10 जुलाई तक

**शहडोल।** कुलगुरू पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल प्रो. रामशंकर ने जानकारी दी है कि विश्वविद्यालय में स्नातक (बी.ए., बी.एससी.), स्नातकोत्तर (एम.ए., एम.एससी.) एवं विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में तृतीय चरण प्रगति पर है। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के कैरियर निर्माण को ध्यान में रखते हुए कुछ नवीन और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की शुरुआत भी की गई है, जिनमें बी.एससी. फॉरेंसिक साइंस (न्यायिक विज्ञान), बी.एससी. लाइब्रेरी साइंस, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय चरण में जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण किया था तथा मेरिट सूची में चयनित हुए थे, किंतु समय पर प्रवेश शुल्क जमा नहीं कर सके, ऐसे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय अंतिम अवसर प्रदान कर रहा है। वे सभी विद्यार्थी दिनांक 1 जुलाई से 10 जुलाई 2025 तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर प्रत्यक्ष रूप से शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

**अनुपपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 04 जुलाई को कोतमा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के जिला प्रवास के दौरान वृक्षारोपण, मॉडल स्कूल में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ कार्यक्रम आदि में भाग लेंगे एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने मुख्यमंत्री जी के भ्रमण के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु जिले के विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। कार्यक्रम के लिए संपूर्ण व्यवस्थाओं के प्रभारी अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा बनाए गए हैं कानून व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो इसरार मंसूरी तथा कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले के कोतमा में आयोजित मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की एसडीओपी कोतमा, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### आठ महीने में अवैध मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले 161 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** जबलपुर पुलिस ने विगत आठ महीने में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में लिप्त 161 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने औसतन हर तीन दिन में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा बरामद किए गए मादक पदार्थों की कीमत एक करोड़ 43 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि 26 अक्टूबर 2024 को उन्होंने अवैध मादक पदार्थ तथा नशीले इंजेक्शन के अवैध कारोबार में लिप्त तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने विगत आठ माह में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में लिप्त 133 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 644 किलो 302 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसका मूल्य 1 करोड़ 28 लाख 86 हजार रुपये है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में महिलाएं भी शामिल हैं। अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी में लिप्त 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 70 ग्राम 25 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसका बाजार मूल्य 7 लाख 2 हजार रुपये आंका गया है।

### छग के चार हाथियों का झुंड पहुंचा डिंडौरी, रात में घरों मकानों में कर रहा तोड़फोड़

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर छत्तीसगढ़ से आए जंगली हाथियों का कहर देखने को मिल रहा है। बीते 16 दिनों से अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र में डेरा जमाए चार हाथियों का दल अब डिंडोरी की सीमा में प्रवेश कर चुका है। ये हाथी हर रात भोजन की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं और अनाज खा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की निगरानी में जुटी है, लेकिन हाथियों की सक्रियता थमने का नाम नहीं ले रही। चार प्रवासी हाथियों का यह दल पहले छत्तीसगढ़ के मरवाही वन मंडल क्षेत्र में देखा गया था। इसके बाद 14 जून की रात अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र में प्रवेश कर गया। यहां तीन दिन तक विचरण करने के बाद 17 जून की रात यह दल बैहार की पहाड़ी पार कर राजेंद्रग्राम के जंगलों में पहुंचा और तब से लगातार 16 दिनों तक वहीं सक्रिय रहा।

# 25 दिन बाद भी व्यापारी की हत्या के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

## मृतक के रिश्तेदारों की पुलिस से नाराजगी

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

संभाग के उमरिया जिले के पाली थाना अंतर्गत अमिलिहा गांव में 4 जून की रात हुई शिवदयाल शुक्ला की नृशंस हत्या ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। 25 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है, जिससे ग्रामीणों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर गहरा आक्रोश है। वहीं, मृतक का परिवार असुरक्षा के डर से गांव छोड़कर शहडोल शहर में शरण लेने को मजबूर हो गया है।

बता दें कि शिवदयाल शुक्ला एक किराना व्यापारी थे और उनका घर हाईवे के किनारे स्थित था। घटना की रात अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर पहले लूटपाट की और फिर बेरहमी से उनकी हत्या कर दी। उस समय घर में उनकी वृद्ध और मूक मां मौजूद थीं, जो कुछ सुन-बोल नहीं सकतीं। अगली सुबह जब दुकान नहीं खुली तो आस-पड़ोस के लोग पहुंचे। दरवाजा खोलने पर



शिवदयाल का खून से लथपथ शव भीतर पड़ा मिला। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन घटना के 25 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। पुलिस की इस नाकामी के चलते गांव में डर और गुस्से का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि थाने की निष्क्रियता के कारण हत्यारे बेखौफ घूम रहे हैं और उन्हें हर वक्त खतरे का एहसास हो रहा है। वहीं, मृतक का परिवार इस कदर डरा हुआ है कि उसने अपना पुश्तैनी घर छोड़ दिया है और शहडोल में किराए के मकान में रह रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को अमिलिहा गांव के सैकड़ों लोग शहडोल आईजी कार्यालय पहुंचे और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पाली थाना पुलिस की लापरवाही के कारण गांव के लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। गांव के एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि हम इस घटना से पूरी तरह भयभीत हैं। हमें अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता है। हम चाहते हैं कि पुलिस जल्द से जल्द हत्यारों को पकड़कर हमें न्याय दिलाए। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि इस तरह की घटनाओं पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में हालात और बिगड़ सकते हैं।

मृतक के रिश्तेदार प्रत्यूष गौतम ने गहरी नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा कि हमें यह नहीं पता कि पुलिस इतनी देर क्यों कर रही है। क्या हमारे जीवन की कोई कीमत नहीं है। उनकी आंखों में भय और पीड़ा साफ झलक रही थी। ग्रामीणों की मांग है हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए, ताकि गांव में दोबारा ऐसा मंजर न देखने को मिले। लोगों की उम्मीद अब पुलिस प्रशासन पर टिकी है कि वे मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित और ठोस कार्रवाई करेंगे।

# कन्या महाविद्यालय में तिलक लगाकर हुआ छात्राओं का प्रवेश



**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय, शहडोल में दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। दीक्षारंभ समारोह में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्रोफेसरो ने तिलक लगाकर तथा करतल ध्वनि से स्वागत किया। दीक्षारंभ समारोह में बताया गया कि छात्र छात्राओं का विद्यालय से महाविद्यालय में आगमन के साथ ही एक संक्रमण काल प्रारंभ हो जाता है। विद्यालय की तुलना में यहां स्वतंत्रता अधिक होती है जिसका नकारात्मक एवं सकारात्मक उपयोग स्वयं छात्र छात्राओं पर निर्भर होता है इसलिए इस काल में छात्र छात्राओं को प्रत्येक कदम बड़े सावधानी के साथ बढ़ाना चाहिए। दीक्षारंभ समारोह में आध्यात्म एवं योग से जोड़ते हुए संदेश दिया की महाविद्यालयीन वातावरण के नैतिक होने पर ही शैक्षणिक सार्थकता हासिल हो सकेगी। विद्यार्थी मन लगाकर के पढ़ाई करें। दीक्षारंभ समारोह में प्रोफेसरो द्वारा महाविद्यालय के स्वशासी प्रकोष्ठ की भूमिका, परीक्षा संरचना तथा पाठ्यक्रम, ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जैसे अन्य विषयों पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारियो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर कुमुद शानुया, यमुना धुर्वे, सुनील सक्सेना, सीएनपी मिश्रा सहित छात्राएं उपस्थित थी।

# शहर में दो चोरियों की वारदात

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

शहर में चोरों का आतंक जारी है लगातार कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल है, शहर में लगातार हो रही चोरी के मामलों ने कोतवाली पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर दिए है। कोतवाली थाना क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों में चोरी हुई है, तो अमलाई थाना क्षेत्र में सुने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पहला मामला कोतवाली क्षेत्र के घरौला मोहल्ला का है, जहां एक किराना दुकान के शटर में लगे ताले को चोरों ने तोड़ कर दुकान के अंदर रखे नगद 44 हजार एवम किराना समान चोरी कर चोर फरार हो गए हैं। दुकानदार अखिलेश सिंह जब सुबह दुकान पहुंचा तो शटर में लगा ताला टूटा हुआ था,और दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। एवम अंदर



रखे नगद रुपए चोरी हो चुके थे। उसके बाद अखिलेश सिंह ने मामले की शिकायत कोतवाली में दर्ज करवाई पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पांडवनगर में खेर माई मंदिर के पास घटी है। जहां दीपक कुमार के घर का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए के जेवरात एवं नगद लेकर फरार हो गए हैं।घटना की शिकायत पीड़ित दीपक ने कोतवाली पुलिस से की है, पुलिस ने मामले पर अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। अमलाई थाना क्षेत्र में भी चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है, थाना क्षेत्र के रामपुर में सुने घर का ताला तोड़कर हजारों रुपए की चोरी हुई है,पुलिस ने बताया कि रविकांत त्रिपाठी के घर यह चोरी हुई है।जिसमें 50 हजार से अधिक का सामान एवं नगद रुपए चोरी हुए हैं,इन सभी मामलों पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है।

### बरबसपुर परिसर में किया गया पौधरोपण

**उमरिया।** विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर उपस्वास्थ्य केंद्र बरबसपुर परिसर में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ एस बी चौधरी द्वारा मधुमती मालती का पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर एलोवीरा का पौध रोपण किया गया । कार्यक्रम में सुश्री अंजुम आलिया खान , रोशनी बैगा एएनएम, सावित्री कोल सेक्टर सुपरवाइजर, आशा पर्यवेक्षक सरोज दहिया, आशा कार्यकर्त्ता रोशनी तिवारी और कल्पना तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से नागफनी व अन्य पौधे रोपित किया गए। पौधरोपण कार्यक्रम के पश्चात नियमित टीकाकरण का निरिक्षण किया गया। नव विवाहित दम्पतियों को शासन की गाइड लाइन के अनुसार नई पहल किट आशा कार्यकर्ताओ के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये, साथ ही हर 15 दिवस में गर्भवती महिलाओं तथा उनकी सास के साथ सम्मेलन कर परिवार नियोजन के अस्थाई संसाधनों की उपयोगिता तथा प्रभावी गुणवत्ता के विषय में नियमित चर्चा कर सामुदायिक पहुँच बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

# राहत प्रकरणों में पीडितों को शीघ्र सहायता मुहैया करवाई जाएः कलेक्टर



- **जरूरतमंद मरीजों को इलाल के लिए एयर एंबूलेंस के माध्यम से बाहर भेजे जानें की समस्त कार्यवाही करे सीएमएचओ**
- **चिनहित जीर्ण शीर्ण भवनों को डिसमेंटल करनें की कार्यवाही की जाए,**
- **अनुविभागीय अधिकारी आश्रय स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें,**
- **कलेक्टर ने संभावित बाढ़ आपदा एवं अतिवृष्टी की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की**

**पीपुल्स प्रवक्ता, बनखेड़ी।**

बुधवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही पूर्व तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निकायों में एवं जनपद पंचायत स्तर पर संभावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि के लिए की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य, विद्युत, घाटों पर वाटर लेवल मार्किंग आदि की समीक्षा की ओर अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के फैसले पर अमल शुरू

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचायें और 25 हजार रूपये पायें

- **गोल्डन ऑवर में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राह-वीर को मिलेगा इनाम**
- **राह-वीर योजना को लेकर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने जारी की गाइडलाइन**

**पीपुल्स प्रवक्ता, बनखेड़ी/नर्मदापुरम।**

सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गत केबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार राह-वीर योजना शुरू की गई है। योजना की गाईड लाईन जारी कर दी गई है। गाईड लाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (दुर्घटना से एक घंटे के भीतर का समय) में अस्पताल पहुंचाने वाले राह-वीर को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा।इसके साथ ही चुने हुए राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर



पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।

**राह-वीरके लिए पात्रताः** कोई भी व्यक्ति जो मोटर यान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर तत्परता से पहुँचाकर जान बचाता है ऐसे सभी व्यक्ति राह-वीर योजना के लिए पात्र होंगे। गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है।

**कैसे चुने जाएंगे राह-वीरः** कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा पुलिस थाना, अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इसकी प्रति संबंधित राह-वीर को भी भेजी जाएगी। मूल्यांकन समिति में संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट, एसएसपी, सीएमएचओ, आरटीओ (परिवहन विभाग) शामिल होंगे। ये समिति मासिक आधार पर प्रस्तावों की समीक्षा कर उन्हें मंजूरी देगी। चुने हुए राह वीर को राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा सीधे बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया जाएगा। राज्य स्तर पर इसकी निगरानी के लिए प्रमुख सचिव (गृह) की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाएगी। जो हर तीन महीने में योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। योजना 21 अप्रैल 2025 से प्रभावशील है। राह-वीर की जानकारी केवल अवार्ड प्रदाय के लिए उपयोग की जाएगी, अन्य किसी कार्य के लिए नहीं। एक राह-वीर को वर्षभर में अधिकतम 5 प्रकरणों में अवार्ड दिया जा सकेगा। इस योजना के तहत दिए जाने वाले सम्मान की राशि परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, उमरिया।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय उमरिया में आज नव प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्प वर्षा एवं तिलक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. विमला मरावी ने कहा कि नवप्रवेशी विद्यार्थी नई ऊर्जा और आशा के प्रतीक हैं। उच्च शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी माध्यम है। कॉलेज उन्हें बहुआयामी विकास का अवसर देता है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने कहा कि छात्र जीवन की नींव जितनी सशक्त होगी, भविष्य उतना ही उज्जवल होगा। महाविद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित है। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गीत,



कविता और नृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया।वरिष्ठ विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों व छात्र सुविधा केंद्रों की जानकारी साझा की।मेरी पहली क्लास विषय पर नवागंतुकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए आत्मीयता का परिचय दिया।इस आयोजन में डॉ.पी.डी. रावत, डॉ. रमेश प्रसाद, डॉ. सतीश वर्मा,ऋषिराज पुरवार, डॉ. कीर्ति तवारी, डॉ. प्रमोद तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद पटेल एवं समस्त प्राध्यापकगण, प्रशासनिक कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ और अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविंद शाह बरकड़े द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रज्विला सिंह बघेल ने किया।यह आयोजन न केवल स्वागत का अवसर रहा, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर शिक्षा के प्रति उत्साह और संस्थान के प्रति जुड़ाव को भी मजबूत करता है।

# जरूरतमंद मरीजों को मिले एयर एम्बुलेंस की सुविधाः कलेक्टर

**पीपुल्स प्रवक्ता, बनखेड़ी।**

जिला नर्मदा पुरम कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में आपात स्वास्थ्य चिकित्सा के जरूरतमंद मरीजों को एयर एंबुलेंस के माध्यम से बाहर भेजे जाने के लिए सीएमएचओ आवश्यक कार्यवाही करें। इसके लिए पर्याप्?त प्रचार करवाया जाए साथ ही निजी स्वास्थ संस्थानों के साथ भी समन्वय स्थपित कर उन्हें इस योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। उन्होनें कहा कि नागरिकों को योजना के बारे में जागरुक करनें के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार भी करवाएं। जिससे मरीजों को समय पर इस बहुउपयोगी योजना का लाभ प्राप्त हो सके। यह योजना गंभीर बीमारी वाले मरीजों को समय पर उचित इलाज उपलब्ध करवाये जानें में जीवनरक्षक साबित होगी। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि वर्षा काल को दृष्टीगत रखते हुए डेंगू एवं मलेरिया के मच्छरों की रोकथाम के लिए भी स्वास्थ्य विभाग निरंतर सर्वे कर लार्वा विनिष्टिकरण की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आपदा के समय राहत पहुंचाने का प्रमुख घटक होता है इसलिए संपूर्ण स्वास्थ्य अमला एक्टिव मोड में रहे।

### राहत प्रकरण में पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध करवाई जाए

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राहत प्रकरणों में पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र शासन द्वारा जारी राहत सहायता एवं राशि उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में सहानुभूति पूर्वक परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें सहायता उपलब्ध करवाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अमले को ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए एक्टिव मोड में रखें। किसी भी स्थिति में पीड़ितों को सहायता पहुंचाई जाने में विलंब ना हो इस बात का ध्यान रखा जाए। पुल पुलिया पर रखें विशेष निगरानी, ओवरफ्लो के समय चौकसी के लिए निर्धारित करे कर्मचारी को ड्यूटी पुल पुलिया पर अतिवृष्टि के समय ओवरफ्लो पर विशेष निगरानी रखी जाए। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देशित किया कि आगामी 3 दिवसों में जीर्ण शीर्ण भवनों के डिमोलिशन की कार्यवाही करना प्रारंभ करें। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी जर्जर शाला एवं आंगनवाड़ी भवनों का संचालन न किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी निर्माण विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत आदि भी समय-समय पर संबंधित निर्माण विभाग करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही सड़को पर अव्यवस्थित निर्माण सामग्री एवं अन्य अवरोधों को भी हटाया जाए। पुल पुलिया पर निर्धारित भार से अधिक भार वाले वाहनों को प्रतिबंधित किया जाए तथा हाइट बैरियर एवं बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक जाने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए की ऐसे पुल एवं पुलिया जिन पर से वाहनों का आवागमन पूर्णत प्रतिबंधित किया ना हो उसका सत्यापन कर प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी संबंधित विभाग अपने अंतर्गत आने वाली संरचना एवं भवनों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर निर्देश दिए की ब्लॉक स्तर पर आपदा मित्रों की बैठक की जाए साथ ही आपातकालीन स्थिति में लोगों को आश्रय स्थल तक शिफ्ट करने के लिए पूर्व नियोजित तैयारी कर ली जाए साथ ही चिन्हित आश्रय स्थलों पर फर्स्ट एड किट रखने की व्यवस्था महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग रोकने की व्यवस्था आदि इंतजाम किए जाएं। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि उक्त सभी व्यवस्थाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करे। इन स्थानों पर अधिकारी रात्रि कालीन भ्रमण भी करें साथ ही ग्रामीण स्तर पर आपात स्थिति में लोगों की शिफ्टिंग के लिए बचाव अमले को एक्टिव मोड पर रखें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी सीओ एवं सीएमओ निराश्रित पशुओं को गौशाला में रखने की सभी मूलभूत सुविधाएं तैयार रखें। पशुओं के लिए भूसे का भंडारण कर लिया जाए। साथ ही पेयजल एवं पशुओं में होने वाली बीमारी की रोकथाम के लिए आवश्यक दावों की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी सीओ एवं सीएमओ जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय गौशालाओं को चिन्हित कर पशुओं को रखने की क्षमता का भी आकलन कर लें। आवश्यकता पड़ने पर अस्थाई गौशालाओं को तैयार करने के लिए भी स्थान चिन्हित कर लिए जाएं।

### वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान का हुआ शुभारंभ



**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी ने बताया कि तीन महीने का वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान का शुभारंभ मानपुर ब्लॉक के बरबसपुर ग्राम में किया गया । आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अप्रचलित खातों में ईकेवायसी किए जाने, ऐसे वयस्क जिनका खाता नही है , उनका प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खाता खोलने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत पंजीयन करने तथा अटल पेंशन योजना के अंतर्गत पंजीयन करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, के अतिरिक्त बड़ी संख्या में ग्राम वासी सम्मिलित हुए। अग्रणी जिला प्रबन्धक सेवक राम सोनवानी ने बताया कि त्रैमास में जनपद की सभी 236 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में बैंकों द्वारा कैम्प का आयोजन किया जाएगा ।